21 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर लगे

उम्मेदाबाद में शिविर का निरीक्षण जालोर कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को 21 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को पखवाडे.के दौरान उम्मेदाबाद में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ देखी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी, वन, खाद्य, चिकित्सा, पशुपालन, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन, समाज कल्याण की विभागीय स्टाल पर पहुँचकर कार्मिकों से शिविर की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करना सुनिश्चित करें। पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को जालोर उपखण्ड की तडवा, केशवना व गोल, आहोर उपखण्ड की बादनवाड़ी, सामुजा व सांकरणा, बागोड़ा उपखण्ड की धुम्बडिया व नरसाणा, भीनमाल उपखण्ड की सरथला व जेतू, जसवंतपुरा उपखण्ड की राजीकावास, पुनगकला व धानसा, रानीवाड़ा उपखण्ड की आजोदर, धामसीन व जोड़वाऱ्, चितलवाना उपखण्ड की वीरावास व केरिया तथा सांचौर उपखण्ड की सेड़िया, बावरला व बिछावाड़ी ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और .षि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 5 जुलाई को जालोर उपखण्ड की आलासन, सांफाड़ा व ऐलाना, आहोर उपखण्ड की हरजी, डोडियाली व कवराड़ा, जसवंतपुरा उपखण्ड की डोरडा, सीकवाड़ा व खानपुर, रानीवाड़ा उपखण्ड की करड़ा व कोडका, चितलवाना उपखण्ड की काछेला, जानवी व सांगडवा तथा सांचौर उपखण्ड की पुर, सरवाना व सुथाना में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जालोर का दिकपाल सिंह दिल्ली पढ़ने जायेगा

जालोर, (कासं)। जालोर निवासी दिकपाल सिंह राव पुत्र स्वर्गीय मालम सिंह एरावत धाणसा का एम ए कोर्स के लिए प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में चयन हुआ है।

दिकपाल सिंह ने अपनी इस सफलता के लिए स्वयं की इच्छा शक्ति एवं दृढ निश्चय एवं सतत अभ्यास को बताया है। दिकपाल सिंह अपने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जन एवं अपने गुरुजनों को देते हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में चयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सीयूईटी- पीजी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। दिकपाल सिंह अपने गुरु अमित दवे को सफलता का श्रेय देते है, जिनके मार्गदर्शन में नियमित प्रयास किया। सीयूईटी- पीजी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिगपाल सिंह ने ऑल इण्डिया रैक 9वीं रैंक प्राप्त की हैं दिकपाल उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर का होनहार छात्र रहा हैं। उनकी माता कपिला देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहायक कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं।

जालोर में साइबर सेल शुरू

जालोर में एस.पी. ज्ञानचन्द्र यादव ने पुलिस साइबर सेल का उदघाटन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय जालोर अन्तर्गत साइबर सेल का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव व भामाशाह किशन परमार व निलेश परमार जूनी बाली बागोडा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर कांबले शरण गोपीनाथ सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त सांचोर, एएसपी जालोर मोटाराम गोदारा, एएसपी सांचोर आवडदान, समाज सेवी महेन्द्र परिहार, कृष्ण सुन्देशा, अम्बालाल परिहार समाज सेवी सहित जिले के समस्त वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारी उपस्थित थे। भामाशाह किशन परमार व निलेश परमार द्वारा साइबर सेल का रिनोवेशन कर अत्याधुनिक रूप देने पर पुलिस परिवार ने माला व साफा पहनाकर आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।

नारणावास से खेजडला मार्ग पर बारिश का पानी भरा

खेजरला व नारणावास ग्राम के मार्ग पर जमा पानी हादसे को न्यौता दे रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के नारनावास से मादलपुरा ग्राम के बीच की मुख्य सड़क पर बीते दिनों हुई तेज बारिश के चलते जगह-जगह पानी भर गया है। इस पानी की निकासी नहीं होने के कारण खेजरला व नारणावास मार्ग अब खतरनाक होता जा रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि सड़क पर भरे पानी के कारण वाहन चालक मार्ग की गहराई या गड्ढों का अनुमान नहीं लगा पाते, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों व स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर पानी की निकासी कराने और मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

फिरोज मेहर ने बताया कि इस मार्ग पर गहरा खड्ढा होने से बारिश का पानी जमा हो गया जिससे दो मोटरसाइकिल सवार गिरने से घायल हो गये। ग्राम पंचायत सहित आला अधिकारियों को अवगत करवाने बावजूद भी समस्या का समाधान नही हो रहा है।

भाजपा ने काला दिवस मनाया

रेवदर,(निसं)। रेवदर कस्बे के सिंधी समाज धर्मशाला में भाजपा नगर मंडल सिरोही द्वारा आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने मीसा बंदि सम्मान समारोह एवं बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

यह आयोजन 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर किया गया. इस दिन को भाजपा ने लोकतंत्र पर हमले के काले अध्याय के रूप में याद किया।कार्य म की शुरुआत भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं

कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में गए चंपत मिस्त्री एवं शंकर माली का राज्यमंत्री ओटाराम देवासी,जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने सोल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।

देवासी ने कहा कि 1975 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने 'आंतरिक अशांति के आधार पर आपातकाल घोषित किया था।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौर, जिला महामंत्री नरपत सिंह राणावत,पूर्व जिला उपाध्यक्ष ताराराम माली, नारायण देवासी,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल सगरवंशी,भूबाराम माली, महामंत्री प्रकाश पटेल,कैलाश मेघवाल सहित नगर पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षद सहित नगर के सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन हितेंद्र ओझा ने किया।

380 किमी लंबी लाइन से रेल नेटवर्क मजबूत होगा

जालोर, (कासं)। सांचोर जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर रेललाइन सर्वे के लिए दस करोड़ रुपये स्वीकृति मिलने से सांचोर को रेल कनेक्टिविटी का तोहफा मिला है।

भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने पश्चिमी राजस्थान और गुजरात को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रेल परियोजना, जैसलमेर-फतेहगढ़-शिव-बाड़मेर-धोरीमन्ना-रामजी का गोल-सांचोर-थराद-वाव-दियोदर-भाभर रेल लाइन के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) सर्वे के लिए दस करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है।

यह परियोजना तीन दशकों से लंबित थी और इसके सर्वे की स्वीकृति क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

यह प्रस्तावित 380 किलोमीटर लंबी रेल लाइन पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिलों को गुजरात के भाभर तक जोड़ेगी, जिससे क्षेत्र की सामरिक और आर्थिक कनेक्टिविटी में बदलाव आएगा। यह रेल मार्ग खनन, पर्यटन और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देगा, साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा बलों की आवाजाही को भी सुगम बनाएगा। सांचोर, चितलवाना, और अन्य क्षेत्रों के लिए यह परियोजना विकास का नया द्वार खोलेगी। इस स्वीकृति से सांचोर, बाड़मेर और जैसलमेर के स्थानीय निवासियों में उत्साह की लहर है। इस रेल लाइन के निर्माण से न केवल यात्रा सुविधा बढ़ेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत दस करोड़ रुपये का बजट इस रेल लाइन के डीपीआर और सर्वे कार्य के लिए उपयोग किया जाएगा। सर्वे पूरा होने के बाद परियोजना की कुल लागत और निर्माण की समय सीमा तय की जाएगी। इस रेल लाइन के बनने से क्षेत्र में रेल नेटवर्क का विस्तार होगा और यह पश्चिमी भारत की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर रेल लाइन परियोजना के लिए सर्वे की मंजूरी क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि सामरिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण साबित होगी। क्षेत्रवासी इस रेल लाइन के निर्माण के लिए अब अगले कदमों का इंतजार कर रहे हैं।

ऐसा है प्रस्ताव दो स्टेट, 4 जिले के कई तहसील जुडगी :-यह लाइन राजस्थान व गुजरात को जोड़ेगी। इसमें राजस्थान का बाड़मेर, जैसलमेर व जालोर जिला शामिल है, जबकि गुजरात का बनासकांठा। लाइन इन जिलों के बाड़मेर, गुडामालाणी, चौहटन, सांचौर, शिव, फतेहगढ़, जैसलमेर व गुजरात के थराद, वाव व दियोदर तहसील से होकर निकलेगी।

राजस्थान में 986 हैक्टेयर जमीन अवाप्त होगी

रेलवे विभाग के मुताबिक इस लाइन के लिए बड़ी मात्रा में जमीन अवाप्त करनी होगी। राजस्थान में 986.8 हेक्टेयर व गुजरात में 246.2 हेक्टेयर जमीन अवाप्त होगी। साथ ही इस रेलवे लाइन पर 256 छोटे ब्रिज, 34 बड़े ब्रिज, 31 रोड ब्रिज व 56 अंडर रोड ब्रिज बनेंगे।

कारोबारियों से माल मंगवा कर धोखाधड़ी की

जोधपुर, (कासं)। सूरसागर स्थित पत्थर खान कारोबारी और महामंदिर के कपड़ा व्यापारी से लाखों का माल मंगवाने के बाद उनको रकम नहीं दी गई। कारोबारियों ने बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि राम सैण्ड स्टोन सरकारी स्कूल के पास काली बेरी सूरसागर के मालिक और भादरवा बेरा चौखा निवासी जेठाराम पुत्र बाबूलाल माली ने की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 15 अप्रेल को गुजरात के एंमजेल्स काउण्डी धबोई रोड पालनपुर गुजरात के कारोबारी करण कुमार के कहने पर लाखों का पत्थर भेजा गया था। मगर अब तक उसके द्वारा भेजे गए माल का भुगतान नहीं किया गया है। दूसरी तरफ जालम विलास लक्ष्मी नगर सरकारी डिसपेंसरी के सामने रहने वाले आनंद कोटन मिल्स के प्रोपराइटर देवेन्द्र जैन पुत्र आनंद प्रकाश जैन ने महामंदिर थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। इसमें बताया कि उसकी फर्म के मार्फत लुधियाना पंजाब में एक कपड़ा फर्म के मालिक नहिना गोयल को माल भेजा था। उसने माल को हड़पने के साथ उसके पैसे भी नहीं दिए।

गर्ग ने दिया कुमारी को लिखा पत्र

जालोर, (कासं)। विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने राज्य की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखकर बजट घोषणा में स्वीकृत रोहिट-आहोर-डूडसी फाटा डीपीआर कार्य को सांथू-नून हवाई पट्टी तक स्वीकृत करवाने के लिए मांग रखी है।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पत्र के माध्यम से अवगत करवाया है कि बजट घोषणा के बिन्दु संख्या 15 (II)-3 पर स्वीकृत डीपीआर का कार्य रोहिट-आहोर-डूडसी फाटा तक वर्तमान में प्रगतिरत है। इसे सांथू-नून हवाई पट्टी तक स्वीकृति किया जाना अतिआवश्यक है क्योंकि नून हवाई पट्टी जिले की एकमात्र हवाई पट्टी है एवं बजट घोषणा में उच्च स्तरीय मानकों के तहत बड़े हवाई जहाज उतारने योग्य बनाये जाने की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में डूडसी फाटा से हवाई पट्टी तक कम चौड़ाई की क्षतिग्रस्त डामर सड़क है।

निजी बैंक में नौकरी का झांसा, 40 लाख का फ्रॉड किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के मंडोर स्थित शिव मंदिर के पीछे खोखरिया की पाल के रहने वाले एक युवक को निजी बैंक में 40-50 हजार की नौकरी देने का प्रलोभन देकर शातिर ने फर्जी तरीके से खाता खोलने के बाद 40 लाख का फ्रॉड कर डाला। उसके नाम से 40 लाख रूपए ट्रांजेक्शन कर लिए गए। बाद में उसे पश्चिमी बंगाल पुलिस को नोटिस मिला तो इसका पता लगा। स्थानीय युवक के खिलाफ वेस्ट बंगाल में फ्रॉड का केस भी दर्ज हो गया।

अब पीड़ित ने कोर्ट की शरण लेकर मंडोर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस ने इसमें अब गहनता से तफ्तीश आरंभ की है।

मंडोर थाने के एसआई अरूणा कुमारी ने बताया कि शिव मंदिर के पीछे खोखरिया की पाल का रहने वाला प्रकाश सांखला पुत्र कमलेश सांखला की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह किराणा की दुकान पर काम करता है। गत साल 21 फरवरी को उसके पास किसी अंजान शख्स का कॉल आया और कहा कि वह एचडीएफसी बैंक से बोल रहा है। उसको बैंक में नौकरी दी जा रही है और उसकी तनख्वाह 40-50 हजार होगी। इसके लिए वह अपने संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन भेजें। इस पर प्रकाश सांखला ने अपना पैन, आधार कार्ड इत्यादि दस्तावेज अंजान नंबर वाले को भेज दिए।

एसआई अरूणा कुमारी ने बताया कि प्रकाश ने ऑनलाइन ही सभी दस्तावेज भेजे जाने के साथ थंब इंप्रेशन भी कर दिया। शातिरों ने उसके द्वारा भेजे गए दस्तावेजों के आधार पर एक फर्जी खाता बालेसर की एचडीएफसी बैंक में खोल दिया। उसे पता भी नहीं चला। उसके घर पर लिफाफा भी आया मगर उसने उसे खोल कर भी नहीं देखा। उसके खाता खुलने की जानकारी उसे तब हुई जब पश्चिमी बंगाल पुलिस से उसे नोटिस मिला कि उसके बैंक खाते से 40 लाख रूपयों का ट्रांजेक्शन हुआ है। प्रकाश के खिलाफ वेस्ट बंगाल में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में केस भी दर्ज हो गया।

पीड़ित प्रकाश सांखला अपने स्तर पर सालभर से ज्यादा समय तक वेस्ट बंगाल पुलिस के चक्कर काटने के साथ बालेसर की एचडीएफसी बैंक शाखा पर भी गया मगर निराशा हाथ लगी। अब उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर कोर्ट की शरण लेकर मंडोर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

वयोवृद्ध संत अभय मुनि का चातुर्मासिक प्रवेश

जोधपुर, (कासं)। नानक संप्रदाय के आचार्य प्रवर हगामी लाल महाराज के पट्टधर शिष्य आचार्य अभय मुनि, सेवाभावी भूपेन्द्र मुनि, सरलमना ऋषि मुनि का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शुक्रवार को जयकारों के साथ आचार्य श्री जयमल स्मृति भवन पहली पोल महामंदिर में हुआ।

श्री नवकार नवयुवक मंडल के संयोजक प्रवीण बोहरा एवं मीडिया प्रभारी जितेन्द्र नाहर ने बताया कि 95 वर्षीय आचार्य अभय मुनि के मंगल प्रवेश पर पुरुषों ने श्वेत वस्त्र एवं महिलाओं ने चूंदड़ी साड़ी में मंगल गीत के साथ जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई। चार्तुमास में प्रतिदिन प्रार्थना, प्रवचन, ज्ञानचर्चा, प्रतिक्रमण, धर्मचर्चा इत्यादि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। चातुर्मास को श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ महामंदिर के अध्यक्ष शांतिलाल बोहरा, महामंत्री शांतिलाल लुंकड़, कोषाध्यक्ष कुशलराज डोसी, मालरक्षक गौतमचंद बोहरा, श्री नवकार नवयुवक मंडल के संयोजक प्रवीण बोहरा, अध्यक्ष अजय मेहता, मंत्री मुकेश लुंकड़, एवं श्री केशर जैन महिला मंडल की अध्यक्ष सरला बोहरा, मंत्री पुष्पा भंडारी, कोषाध्यक्ष प्रभा सुराणा आदि रूप रेखा तैयार कर रहे है।

पाली में साध्वी काव्यलता का मंगल प्रवेश पर स्वागत

पाली में आचाय महाश्रमण की विदुषी शिष्या साध्वी काव्यलता आदि ठाणा का मंगल प्रवेश पर स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली,(नि.सं.)। महावीर नगर स्थित भिक्षु साधना केंद्र से सुबह 9 बजे अनुशासित और पंक्तिबद्ध होकर पाली का श्रावक समाज अपनी गणवेश में पुरुष शुभ्र वस्त्र और महिलाए केशरिया वस्त्र में अहिंसा रैली के रूप में अनुशासित और पंक्तिबद्ध होकर मंडिया रोड स्थित तेरापंथ सभा भवन पहुंचा। पाली में साध्वी काव्यलता आदि ठाणा का मंगल प्रवेश पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया।

मंगल प्रवेश के पश्चात तेरापंथ भवन में चारित्र आत्माओं के स्वागत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला मंडल के द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ।

मधुर गायक शिखरचंद चौरड़िया एवं कवि प्रमोद भंसाली द्वारा स्वागत गीत का सन्गान किया। महासभा सदस्य गौतम छाजेड़, श्री संघ अध्यक्ष रमेश मरलेचा, डूंगरचंद चौपड़ा, विनिता बैगानी ने साध्वी के स्वागत में अपनी भावना व्यक्त की। साध्वी ज्योतियशा साध्वी राहत प्रभा साध्वी सुरभि प्रभा के द्वारा सामूहिक गीतिका का गान किया।

साध्वी काव्यलता द्वारा धर्मनगरी पाली की महत्ता बताते हुए पचीस वर्ष पूर्व के चातुर्मास को स्मृति करते हुए आगामी 4 महीनों में किस प्रकार धर्माराधना की ओर अग्रसर होना है। चातुर्मास में कैसे जप तप से आत्मकल्याण की ओर बढ़ना है इस पर मंगल प्रवचन किया।

इस अवसर पर तेरापंथ सभा अध्यक्ष भूरचंद तातेड, मंत्री प्रकाश कांकलिया, केशरीमल कटारिया सुरेंद्र दुग्गड़, गुमानमल भंसाली, महावीर सालेचा, राकेश पटावारी, अशोक नाहर, भीमराज खांटेड, पीयूष चौपड़ा, विपिन बांठिया, किरण पटवारी, विनीता बैंगानी, सुषमा डागा, सीमा मरलेचा आदि श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहे।

पानी की डिग्गी में शव मिला

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र के 14 आरडी पर एक युवक की बॉडी मिलने से सनसनी फैल गई।

सूचना पर मोहनगढ़ पुलिस व नाचना सीओ गजेंद्रसिंह मौके पर पहुंचे और युवक भजनलाल के शव को पानी कि डिग्गी से बाहर निकालकर मोहनगढ़ अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। परिजनों द्वारा हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक युवक को बाड़मेर से पकड़ा। युवक के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

ज्ञापन दिया

जालोर, (कासं)। महाराष्ट्र के मुंबई में मीरा रोड क्षेत्र के मारपीट प्रकरण को लेकर राजाराम आजना छात्रावास जालोर के अध्यक्ष ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर प्रदीप गांवडे को मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा है।

मीरा रोड मुंबई में हिंदी भाषा को आधार मानकर राजस्थान के प्रवासी लोगों के साथ मराठी बोलने की अनिवार्यता को लेकर मारपीट और अपमानजनक कृत्य का संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की बात कही गई है।

पी.पी. चौधरी ने निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। पाली सांसद और अध्यक्ष वन नेशन वन इलेक्शन समिति पीपी चौधरी ने शुक्रवार को ग्राम खारड़ा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े शिविर का अवलोकन किया।

उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सासंद चौधरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्राप्त प्रकरणों और निस्तारण की जानकारी ली। सांसद ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है।

एक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। महामंदिर थाने के हैड कांस्टेबल गोपीराम ने भदवासिया पुलिया के नीचे चाकू लेकर घूम रहे सांसी कॉलोनी भदवासिया गली नंबर 6 निवासी नर सिंह पुत्र शंकरलाल सांसी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस बनाया।

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। आरएलडी राजस्थान में आगामी निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश संभाग और जिला स्तर पर जल्द पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। 11 जुलाई को जयपुर में राष्ट्रीय लोकदल का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इसमें चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और संगठन की भावी दिशा पर मंथन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने आज जोधपुर में प्रेसवार्ता में बताया कि राष्ट्रीय लोकदल का बहुप्रतीक्षित प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 11 जुलाई को जयपुर के बिडला सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

सम्मेलन की तैयारियों के बारे मे हुए अवाना ने बताया कि वे स्वयं प्रदेश के विभिन्न संभा और जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। जोधपुर में भी स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आ ान किया गया। हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है.

प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना के साथ आरएलडी राजस्थान के महासचिव राजपाल चौधरी (खण्डेला), प्रदेश सचिव राजेश गुर्जर (जोधपुर), आरएलडी नेता सुधीर बैंसला व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण 7 से

जालोर, (कासं)। विधानसभा क्षेत्र संख्या जालोर-142 के समस्त बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण 7 से 11 जुलाई तक जिला परिषद सभागार में होगा। 261 बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

जालोर विधानसभा क्षेत्र (142) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बागरा, लेटा, जालोर-1, जालोर-2, जालोर-3, जालोर-4 पर्यवेक्षक क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई को, चोचवा, सांगाणा, जीवाणा, मेंगलवा, तिलोड़ा व सुराणा पर्यवेक्षक क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 8 जुलाई को, वालेरा, देताकलां, थलवाड़, चौराउ, सायला पर्यवेक्षक क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 9 जुलाई को, रेवतड़ा, उम्मेदाबाद, डांगरा, माण्डवला, बिशनगढ़, तीखी पर्यवेक्षक क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 10 जुलाई को तथा केशवना, बाकरा, बाकरा रोड, सांथू पर्यवेक्षक क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 11 जुलाई को आयोजित होगा।